Extremist getting Explosives from Hydro-Electric Projects

4224. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether government are aware of the news-item which appeared in Navbharat Times on 3rd March, 1993 on the extremist getting supplies of explosives from Government sponsored Hydro-electric projects;

(b) whether Government have apprehended employees of Hydro-Electric projects for abetting the extremists; and

(c) what steps Government propose to take in preventing recurrence of such incidents?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN): (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the Table of the Hose.

मध्य प्रदेश में हुए साम्प्रदायिक दंगों की न्यायिक जांच

4225. **श्री कैलाश नारायण सारंग :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केंद्रीय सरकार द्वारा मध्य प्रदेश के कुछ कस्बों/शहरों में दिसम्बर, 1992 के दौरान हुए साम्प्रदायिक दंगों की न्यायिक जांच कराई जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा जांच आयोग के विचारार्थ विषय क्या है ;

(ग) क्या इस संबंध में कराई जा रही जांच केवल भोपाल तथा उज्जैन तक ही सीमित होगी अथवा इसके अंतर्गत राज्य के सभी दंगा-प्रभावित कस्बों/शहरों में हुए दंगों की जांच कराई जाएगी ; और

(घ) मध्य प्रदेश के सभी दंगा-प्रभावित कस्बों/शहरों में हुए दंगों की जांच न कराए जाने के क्या कारण हैं ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) से (घ) जी नहीं, श्रीमन, । तथापि, मध्य प्रदेश सरकार ने दिसम्बर, 1992 के दौरान भोपाल और उज्जैन शहरों में हुई साम्प्रदायिक गड़बड़ी जिसके फलस्वरूप जान व माल का नुकसान हुआ था, की न्यायिक जांच मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के एक न्यायधीश, न्यायमूर्ति के० एम० अग्रवाल, द्वारा कराने के आदेश दिए हैं ।

दंगा प्रभावित क्षेत्रों में बुनकरों को राहत प्रदान करना

4226. **श्री रामजी लाल :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने हाल ही में हुए साम्प्रदायिक दंगों से प्रभावित क्षेत्रों में बुनकरों को कुछ विशेष राहत देने की घोषणा की है ;

(ख) यदि हां, तो प्रत्येक मामले में कितनी राहत राशि निर्धारित की गयी है तथा बुनकरों को किन-किन निबंधनों और शर्तों पर यह वित्तीय सहायता/राहत दी जायेगी ;

(ग) इस राहत से राज्य-वार कितने बुनकरों को लाभ प्राप्त होगा ; और

(घ) वर्ष 1993-94 के दौरान इस योजना के लिए आंवटित धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० एम० सईद) : (क) जी हां, श्रीमान ।

(ख) उपलब्ध सूचना के अनुसार, वर्कशैडों , करघों के लिए सहायता दी जाएगी तथा प्रोजेक्ट पैकेज स्कीम के विद्यमान लागत सिद्धांतों और दिशा-निर्देशों के अनुसार प्राईमरी सोसायटियों को कार्यशील पूंजी के लिए मार्जिन मनी दी जाएगी ।